तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 20 जनवरी 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 नशे में विवाद दोस्त ने की दोस्त की हत्या एवं आरोप...





12 चारभाठा में पानी टैंकर का वितरित समस्याओं...





TATA आज ही बुक करें और पाएं 50gm सिल्वर कॉइन

2500000 से अधिक खुशहाल ग्राहक

TATA MOTORS

TATA ACE PETROL

INTRA V30 PICKUP

2.99% ब्याज दर

10000/-* की डाउन पेमेंट पर छोटा हाथी

50% RTO टैक्स पर छूट पाएँ

TATA INTRA V50

TATA YODHA

*नियम एवं शर्तें लागू

अरुण ऑटोव्हील्स राइस मिल पारा, सिंघनभाट कांकेर, छत्तीसगढ़ 6264242206

ब्रांच : कोंडागांव/नारायणपुर 70005-03597 | कांकेर/पंखाजुर 99819-89008 | पुफ़र 93297-73512


**सियासत :** भाजपा व कांग्रेस के कई वार्डों में दावेदारों के केवल एक नाम आए सामने

# भाजपा और कांग्रेस के संभावित चेहरों की हो रही चर्चा, वार्डों की राजनीति गरमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर बाजार गरमाया हुआ है और चौक चौराहों पर सुबह से लेकर शाम तक प्रत्याशियों को लेकर चर्चा हो रही है।

- भाजपा व कांग्रेस को कई वार्डों में नहीं मिल रहे प्रत्याशी, तलाश जारी

आचार संहिता आज या कल लगने के बाद सरगर्मी और बढ़ जाएगी। हरिभूमि को अभी तक संभावित चेहरों के नाम की जानकारी लगी है, इन चेहरों के होने से समीकरण की नई बिसात बिछने लगेगी।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका कांकेर के वार्ड क्रमांक 02 उदयनगर वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। भाजपा से इस वार्ड से वर्तमान पार्षद विजय लक्ष्मी कौशिक और संजीव सोनी ने दावेदारी किया है, परंतु कांग्रेस से इस वार्ड से संजू अहिरवार के नाम की चर्चा चल रही है। वार्ड क्रमांक 03 शिव नगर वार्ड अनारक्षित (महिला) के लिए आरक्षित हुआ है। भाजपा पिछले चुनाव में बहुत कम वोट से हारने वाली शकुंतला जैन पर दांव लगा सकती है, वहीं कांग्रेस से पार्षद लीना मनोज जैन चुनाव लड़ सकती है। वार्ड क्रमांक 04 माहुरबंदपारा अजजा के लिए आरक्षित है, कांग्रेस के वर्तमान पार्षद दीपक शोरी मजबूत प्रत्याशी है, वहीं भाजपा इस वार्ड में प्रत्याशी की तलाश कर रही है। कांग्रेस के रमेश गौतम निर्दलीय लड़ जाने पर कांग्रेस का समीकरण बिगड़ सकता है। वार्ड क्रमांक जवाहर वार्ड अनारक्षित (महिला) के लिए आरक्षित है। भाजपा से इस वार्ड के लिए श्वेता अटभैया, चित्ररेखा जैन, सरस्वती निषाद, स्मृति कौशिक ने दावेदारी किया है, वहीं कांग्रेस से कौन प्रत्याशी होगा, उसकी चर्चा नहीं हो रही है। वार्ड क्रमांक 06 संजय नगर अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा से सलीम मेमन और शुभम सोनी ने दावेदारी किया है, वहीं कांग्रेस यासीन कराणी पर दांव लगाएगी, इसके अलावा उनके पास अन्य कोई दावेदार नहीं है। वार्ड क्रमांक ▶▶| शेष पेज 10 पर





### कांग्रेस के नाम की चर्चा नहीं वाले वार्ड

वार्ड क्रमांक 01 अलबेलापारा अजजा में मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। वर्तमान में भाजपा से पार्षद उगेश्वरी उइके दावेदार है वहीं कांग्रेस से किसी के नाम की चर्चा नही है। वार्ड क्रमांक 16 शांतिनगर अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है, इस वार्ड पर कई बार से लगातार भाजपा की रमशीला साहू का कब्जा है, फिर से चुनाव लड़ना तय है जबकि कांग्रेस से अभी तक किसी के नाम की चर्चा बाजार में नहीं है। वार्ड क्रमांक 19 से अघन नगर से भाजपा से जागेश्वरी ने दावेदारी किया है, वहीं कांग्रेस से किसी के नाम की चर्चा नहीं है। वार्ड क्रमांक 20 जनकरपुर वार्ड से भाजपा के दावेदार मंजू सारथी और पुष्पा बिछिया के नाम सामने आए है और कांगेस के दावेदार की चर्चा अभी तक नहीं हो रही है। वार्ड क्रमांक 15 एमजी वार्ड अजजा (महिला) के लिए आरक्षित है, इस वार्ड से भाजपा से मीरा सलाम ने दावेदारी किया है, परंतु कांग्रेस से अभी तक किसी का नाम सामने नहीं आया है। वार्ड क्रमांक 13 सुभाष वार्ड अजा के लिए आरक्षित है, इस वार्ड से भाजपा से मीना उके और अशोक उके के नाम की चर्चा है जबकि कांग्रेस से अभी तक किसी के नाम की चर्चा नहीं है।

### आमने सामने वाले वार्ड

वार्ड क्रमांक 17 कंकालिनपारा अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) के लिए आरक्षित हुआ है। भाजपा से विनीता उत्तम यादव ने दावेदारी किया है वहीं कांग्रेस से माला तिवारी के नाम की चर्चा बनी हुई है। वार्ड क्रमांक 18 बरदेभाटा में भाजपा से ईश्वर नाग ने दावेदारी किया है वहीं कांग्रेस से जितेंद्र वैद्य का चुनाव लड़ना तय है। वार्ड क्रमांक 14 अन्नपूर्णापारा अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा से राजकुमार ठाकुर और हेमंत यादव ने दावेदारी किया है वहीं कांग्रेस से विजय यादव के नाम की चर्चा बनी हुई है। वार्ड क्रमांक 21 राजापार वार्ड से भाजपा से निपेंद्र पटेल और चेतन यादव के नाम की चर्चा है वहीं कांग्रेस से आनंद चौरसिया का चुनाव लड़ना तय है। वार्ड क्रमांक 12 मांझापरा अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है और इस वार्ड से कांग्रेस से सोमेश सोनी का नाम सामने आ रहा है वहीं भाजपा से हितेंद्र खटवानी और दिनेश रजक के नाम की चर्चा बनी हुई है।

# जिले में मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन, आज आचार संहिता का हो सकता है ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव, विधानसभा का बजट सत्र और परीक्षा शुरू होने के पहले करा लिए जाएंगे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रमुख विभाग के अधिकारियों की प्रशासनिक और कानूनी तैयारियों को लेकर बैठक ली गई है। रविवार को आयोग द्वारा जिलों के अंतिम मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के बाद चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा आज सोमवार को हो सकती है।

नगरीय निकाय चुनाव में मतदान ईवीएस से कराए जाने का निर्णय होने के साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग इसकी तैयारी में जुट गया है। ईवीएम की जांच के लिए हैदराबाद से विशेषज्ञों की टीम मशीनों की जांच अंतिम ▶▶| शेष पेज 10 पर





- निकाय चुनाव विस बजट सत्र और परीक्षाओं पूर्व होंगे


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज

छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त

प्रवेश प्रारंभ

सीमित सीटे

उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स

- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन

सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स

काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604

चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


# सोशल मीडिया पर अभद्र कमेंट आरोपी युवक 24 घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सोशल मीडिया इंसटाग्राम में गंदी व भद्दे कमेंट करने वाले युवक की शिकायत मिलने पर पुलिस ने जाँच करते हुए आरोपी को बस्तर जिले के बड से हिरासत में लिया और न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। कांकेर थाना में लिखित में शिकायत करने वाले राजापारा निवासी 33 वर्षीय गौरव शास्त्री पिता स्व. श्री इंद्रपाल शास्त्री ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को दोपहर में जब अपने इंस्ट्राग्राम सोशल मिडिया मे विडियो देख रहा था तब इंस्ट्राग्राम आई डी कामरेड_कामेश के धारक ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते ''अश्लील गाली'' लिखकर कमेन्ट किया है, जिससे हमारे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा है और भावनाएं आहत हुई है एवं हिन्दू धर्म के प्रति आस्था रखने वालो को एवं अन्य धर्मों के मानने वालो के बीच शत्रुता एवं सौहार्द को बिगाड़ने का कार्य किया गया है। इंस्ट्राग्राम आईडी के धारक के विरूद्व कार्यवाही की माँग किया। कांकेर पुलिस ने लिखित आवेदन के तहत आरोपी इंस्ट्राग्राम आई डी धारक के विरूद्व अप. क्रं.-29/2025 धारा-196,299, 238 बीएनएस, 67(क) आईटी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना कांकेर से टीम गठित कर संदेही व ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कार्रवाई में यह टीम रही शामिल

कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के आदेशानुसार उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, सउनि वेदन सलामे, प्रधान आरक्षक गीतेशवर कुलदीप, आरक्षक शैलेन्द्र चतुर्वेदी, आरक्षक गजेन्द्र नागवंशी एवं सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक प्रेम प्रकाश अवधिया, आरक्षक शैलेन्द्र साहू व ज्ञानचंद ठाकुर की अहम भूमिका रही।

# भानुप्रतापपुर ओवर ब्रिज पर युवक की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज, विवेचना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ओव्हर ब्रिज के पास खड़े युवक के साथ मामूली बात को लेकर नगर के कुछ व्यक्तियों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे वार्ड क्रमांक 6 भानुप्रतापपुर निवासी 16 वर्षीय राजवीर सिंह गिल पिता स्व. लखविंदर सिंह गिल ने पुलिस को बताया कि 16 जनवरी की शाम लगभग साढ़े 6 बजें गोड़वाना भवन के पास ओव्हर ब्रिज के बगल भानुप्रतापपुर में दोस्त जहान आहूजा के साथ खड़ा होकर सामान्य बात कर रहा था, तभी वार्ड क्रमांक 1 निवासी पारस सोनी हमारे पास आया और मेरा फोटो खींचने लगा। मैने फोटो खींचने के लिए मना किया तो कहने लगा तुम्हारे बाप का नौकर हूं, बोलते हुए मुझे गाली देने लगा। मैने कहा कि गाली क्यों दे रहे हो अंकल, पारस बोलने लगा तेरे को बहुत चर्बी चढ़ गई है, तू मुझे जानता नहीं, ऐसा कहते हुए जान से मारने की धमकी दिया और मेरा गला पकड़कर मेरी कनपटी पर हाथ थप्पड़ से मारपीट करने लगा, जिससे मुझे चक्कर आने लगा। पारस सोनी बोल रहा था कि ज्यादा नेतागिरी करेगा, तो जान से मार दूंगा, मुझे समझ ही नहीं आया कि वह मुझे क्यों मार रहा था। उसके द्वारा मारे जाने से मेरे सिर, कनपटी में अत्यधिक दर्द है। आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने से मै अत्यधिक डरा हुआ हूं कि कहीं वो मुझे जान से न मार दे।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351 (2) एनएसएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह फरवरी 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 फरवरी से 28 फरवरी तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जनवरी 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV

सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू*

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________

पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________

स्थान ____________ जिला ____________

एजेंसी का नाम ____________

एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि | ग्राहक प्रति | जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________

पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________

स्थान ____________ जिला ____________

एजेंसी का नाम ____________

एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________


**बीएसएफ के प्रयास से सांस्कृतिक विकास का मिलेगा मौका**

# कांकेर के आदिवासी युवक-युवतियां कोच्चि एवं कोलकाता के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सीमा सुरक्षा बल जिले के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के आदिवासी युवकों को दूसरे राज्यों की संस्कृति व माहौल को दिखाने के लिए प्रयासरत है और लगातार युवकों को दूसरे राज्य भेजा जा रहा है। बीएसएफ ने युवाओं के दल को कोच्चि और कोलकाता के लिए बीएसएफ के अफसरों के साथ रवाना किया गया है।

16 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 18 जनवरी को जिले के अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आदिवासी युवा लड़के एवं लड़कियों के पांचवे और छठे जत्थे को कोच्चि और कोलकाता के लिए रवाना किया गया। प्रत्येक जत्थे में जिले अति दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 20 आदिवासी युवा लड़के एवं 20 लड़कियां शामिल है। प्रत्येक जत्थे के साथ सीमा सुरक्षा बल के ▶▶| शेष पेज 10 पर



### संवैधानिक अधिकारियों से होगा संवाद

आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की प्रमुख गतिविधियों में संवैधानिक अधिकारियों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ संवाद सत्र, पैनल चर्चा, व्याख्यान सत्र, भाषण प्रतियोगिता, कैरियर संबंधी मार्गदर्शन, चल रहे खेल आयोजनों के बारे में अवगत कराया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागी कोच्चि और कोलकाता के उद्योगो एवं सुरक्षा बलों के कैंपो का भ्रमण करेंगे।

### सात दिन का रहेगा भ्रमण कार्यक्रम

माय भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में 16 वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम की अवधि 07 दिन है। छत्तीसगढ के कांकेर और नारायणपुर जिले में तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के नक्सल प्रभावित इलाके से इस वर्ष कुल 13 भ्रमण कार्यक्रमों के अतंर्गत 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 500 चयनित युवा भाग ले रहे है।

## खबर संक्षेप



### सिवनी-आमापारा के बीच पुलिया निर्माण की मांग ग्रामीणों ने की

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम आमापारा सिवनी के अंतर्गत मुख्य समस्या पुलिया न होने से बारिश के दिनों में काफी परेशानी होती है और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच उमेश्वरी मंडावी एवं ग्रामीण ग्राम गायता रामूराम मंडावी, बिहारी लाल सिंहा, मंसाराम मंडावी, रेखराम विश्वकर्मा एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम सिवनी के आश्रित ग्राम में मुख्य समस्या पुलिया न होने से बारिश की दिनों में नाला में पानी बहाव के कारण ग्रामीणों को नाला पार करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है एवं गांव के लोगों के साथ मवेशी भी इस नाले के बहाव के कारण फंस जाते हैं। आमापारा के किसानों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है और ऐसे में नाला पार करने का खतरा हमेशा बना रहता है। ग्रामीणों ने पहुंच मार्ग ग्राम सिवनी में तीन मीटर का पुल निर्माण की मांग शासन प्रशासन से किया है।

### आदतन शराबी ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**कांकेर।** दमकसा थानांतर्गत दमकसा निवासी 55 वर्षीय सीयाराम दुग्गा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। दमकसा निवासी 28 वर्षीय मनोज दुग्गा ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था व घरेलू विवाद होने के कारण 17 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत सीएससी बांदे में ईलाज के दौरान छोटेबेठिया निवासी 43 वर्षीय सुरेश मंडल का 17 जनवरी को मौत हो गया। अस्पताल से थाना में अस्पताली मेमो पेश करने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला ने फांसी लगा की आत्महत्या, मर्ग कायम

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत जिला अस्पताल में 18 जनवरी को 38 वर्षीय देवंतीन यादव पति महेंद्र यादव की मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शिविर लगाकर बस और आटो कीजांच की, वाहनों में मिली खमियां



**कांकेर।** 36 वॉ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात जागरूकता एवं सड़क नियमों के प्रवर्तन के लिए जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस तरतमय में यातायात विभाग द्वारा जिले में चलने वाले स्कूल बसों एवं ऑटो का गोविंदपुर स्कूल ग्राउंड में सयुक्त निरिक्षण शिविर लगाकर जांच किया गया। आरटीओ ऋषभ नायडू व टीम के द्वारा जिले चलने वाले कुल 51 स्कूल बसों व शहर में चलने वाले 13 ऑटो रिक्शा का दस्तावेज जांच किया गया। शिविर में आए सभी बसों में कुछ न कुछ कमी पाई गई व 13 ऑटो में 2 ऑटो का पूर्ण दस्तावेज पाया गया, जिन्हे प्रोत्साहित किया गया। स्कूल बस संचालको को व ऑटो चालकों को 1 सप्ताह के अंदर समस्त दस्तावेज अपडेट कर कार्यालय मे चेक करवाने कि चेतावनी दिया गया व पूर्ण नहीं करने पर कार्यवाही होने की बात कही। स्कूल बस व ऑटो चालक व परिचालकों कुल 55 लोगो का डॉ. ख्याति शार्दुल, डॉ. मनीष कुमार साहू व टीम के द्वारा नेत्र व कान परीक्षण किया गया, जिसमें प्रेस बायोपिक के 18, रिफ्रेक्टिव इर्रर के 16 व हाई बीपी से 10 मरीज ग्रसित मिले, जिन्हे उचित इलाज के लिए चिकित्सको ने सलाह दिया।

**माड़ काजे वितना :** स्थानीय सहित अन्य जिलों व राज्यों के 500 से अधिक धावकों ने लिया भाग

# पुकेश्वर लाल मानपुर मोहला पुरुष वर्ग और भोपाल की मुस्कान ने महिला वर्ग में जीती 10 किमी की मैराथन रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में आयोजित 10 किमी मैराथन दौड़ में पुरुष वर्ग में मानपुर मोहल के पुकेश्वर लाल व भोपाल की मुस्कान प्रथम स्थान पर रहीं। मैराथन में स्थानीय सहित अन्य जिलों व राज्यों के 500 धावकों ने भाग लिया।

- विजेताओं को 10-10 हजार रुपए नकद, प्रमाण पत्र और मेडल से किया सम्मानित

देश-विदेश में अबूझमाड़ की अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्यता को उजागर करने और खेलों के प्रति युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से जिले में अबूझमाड़ हाफ मैराथन रेस का आयोजन किया जाता है। इस विख्यात मैराथन में देश-विदेश के धावक भी भाग लेते हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इस वर्ष 2025 में भी अबूझमाड़ हाफ मैराथन के चौथे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज 10 किलोमीटर प्रमोशनल मिनी मैराथन का आयोजन हाई स्कूल ग्राउंड नारायणपुर में




प्रातः 5 बजे किया गया, जिसमें 500 से भी अधिक धावकों ने भाग लिया। 10 किलोमीटर प्रमोशनल दौड़ में महिला और पुरुष दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को 10 हजार, द्वितीय को 5 हजार, तृतीय को 3 हजार, चतुर्थ और पांचवें स्थान प्राप्तकर्ता को 1-1 हजार रुपए की नकद राशि सहित मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मिनी मैराथन दौड़ में छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के अलावा दूसरे राज्य के धावक भी शामिल हुए।

उक्त प्रमोशनल दौड़ में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, व्यापारी



संघ, सामाजिक पदाधिकारी, सम्माननीय नगरवासी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रॉबिंसन गुरिया, प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों सहित पत्रकारों की उपस्थिति में 10 किलोमीटर प्रमोशनल दौड़ में भाग लेने वाले धावकों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रमोशनल दौड़ के शुभारंभ के दौरान धावकों को बताया गया कि फरवरी 2025 को बहुप्रतीक्षित अबूझमाड़ हॉफ मैराथन दौड़ में देश-विदेश एवं अन्य राज्यों सें प्रतिभागी आयेंगे जो बस्तर वासियों तथा देश-विदेश से आने वाले धावकों को दिये जाने वाली पुरस्कार राशि में समानता रखी जायेगी। ईनाम राशियों में किसी प्रकार से कोई भिन्नता नहीं होगी। फरवरी 2025 को होने वाले ''अबूझमाड़ हॉफ मैराथन'' में बस्तर अंचल एवं स्थानीय अंदरूनी माड़ क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागियों को भाग लेने की अपील किया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि मान्यता प्राप्त सफल मैराथनों की सूची में अबूझमाड़ मैराथन को भी स्थान दिलाये जाने का पूरा प्रयास रहेगा। मैराथन दौड़ का रूट चार्ट हाई स्कूल ग्राउण्ड नारायणपुर से प्रारंभ होकर माहका स्टेडियम रोड होते हुए रामकृष्ण मिशन आश्रम सोनपुर रोड से राजीव चौक फिर एडका मोड़ से वापस मुड़कर पुराना बस स्टैंड होते हुए हाई स्कूल ग्राउंड में समापन किया गया।




### ये रहे विजेता

मैराथन में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान पुकेश्वर लाल देशमुख, मानपुर मोहला, ने 31.50 मिनट में पूरा कर 10 हजार रुपये की पुरस्कार राशि जीती। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम स्थान मुस्कान कुशवाहा, भोपाल मध्यप्रदेश ने 43.03 मिनट में प्राप्त कर 10 हजार रुपये का पुरस्कार अपने नाम किया। दूसरे स्थान पर पुरुष वर्ग में रस्सू कोर्राम, गरांजी, ने 34.05 मिनट में समाप्त कर 5 हजार रुपये की राशि जीती, जबकि महिला वर्ग में भूमिका देवांगन, नारायणपुर, ने 44.05 मिनट में दूसरे स्थान पर रहते हुए 5 हजार रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर पुरुष वर्ग में बुधराम कुमेटी, तेरदुल, ने 35.10 मिनट में अपनी दौड़ पूरी कर 3 हजार रुपये जीते। महिला वर्ग में तीसरा स्थान सोमदई गोटा, नयानार, ने 45.15 मिनट में प्राप्त किया और उन्हें 3 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। चौथे स्थान पर पुरुष वर्ग में तिजू पुजारी, सोनपुर, ने 35.20 मिनट में चौथा स्थान हासिल किया और उन्हें 1 हजार रुपये की राशि दी गई। महिला वर्ग में रीना उइके, कापसी, ने 45.27 मिनट में चौथा स्थान प्राप्त कर 1 हजार रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। पांचवें स्थान पर पुरुष वर्ग में रज्जु सलाम, रामकृष्ण आश्रम नारायणपुर, ने 35.27 मिनट में अपनी दौड़ पूरी की और 1 हजार रुपये का पुरस्कार जीता। वहीं, महिला वर्ग में सुमन सलाम, नारायणपुर, ने 45.48 मिनट में पांचवां स्थान प्राप्त कर 1 हजार रुपये की राशि अर्जित की।

## अच्छा नागरिक बनने शिक्षा पर ध्यान जरूरी है : नेताम




**कांकेर।** मॉर्निंग स्टार इंग्लिश स्कूल श्रीरामनगर में वार्षिक उत्सव का आयोजन विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत की अध्यक्षता, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भरत मटियारा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला और जनपद अध्यक्ष रामचरण कोर्राम के विशेष आतिथ्य में हुआ।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने अभिभावकों एवं बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जिससे हम सिर्फ अच्छे नागरिक न बने, बल्कि देश के निर्माण में हमारी भूमिका रहे। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखें। इसके उपरांत विद्यालय के छात्रों दर्शित, अवनी,सलमा, प्रिंसी, रीना, पूनम, गर्व , तेलिया, पंक्ति, आयात, हुज्जैब, समीरा,राम, हसनैन, यशिका, आफरीन, वाणी, भूपेश, चिराग, अर्शिया, रेहान, मिथलेश एवं सभी कक्षा के छात्रों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डायरेक्टर मनोज कुमार सिंह, प्राचार्य नगीना खान, शिक्षक गण लीना राजपूत, शांभवी अत्री, रामकी पटेल, हिमेश्वरी धनकर, शबाना बानो, सादिया, प्रियंका सिन्हा , झरना जैन, अनिता शोरी का सहयोग रहा।

## अवैध रेत परिवहन करते 4 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में रेत तस्करों के हौसले बुलंद हैं। बेधड़क अवैध रेत की तस्करी कर शासन को लाखों का राजस्व का चूना लगा रहे है। गांव के रास्ते शहर ला रहे अवैध रेत से भरे वाहनों पर राजस्व विभाग के अधिकारियों की नजर पड़ी तो रोककर पूछताछ की गई। इस दौरान 3 ट्रैक्टर में अवैध रेत के साथ एक टिप्पर वाहन से काग़जात मांगा गया। सभी वाहनों के पास पिट पास नहीं होना पाया गया। चार वाहनों को जब्त कर नगरनार पुलिस को सुपुर्द कर दिया। नायब तहसीलदार ने बताया कि सभी वाहनों में अवैध रेत की तस्करी की जा रही थी। किसी के पास भी कोई दस्तावेज नहीं है। ऐसे में सभी वाहन मालिकों से जानकारी मांगी जाएगी कि उनको किसने अनुमति दी है। अवैध रेत खनन का अगर दस्तावेज नहीं दिया जाता है। तो उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा और जुर्माना लगाया जाएगा। इंद्रावती नदी, मार्कंडेय नदी समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से भारी मात्रा में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के मामले सामने आ रहे है।

- खनिज विभाग के अमले ने नगरनार पुलिस के सुपुर्द किया



### ओडिशा सीमा के नदी नालों से रेत तस्करी

गौरतलब है कि अधिकतर रेत का अवैध परिवहन बजावंड क्षेत्र से हो रहा है। भैसाबेड़ा ओडिशा सीमा में इंद्रावती नदी का सीना चीर बड़ी मात्रा में रेत का उत्खनन कर इसे बस्तर जिले में खपाया जा रहा है। इंद्रावती नदी के रामपाल तट झरनीगुड़ा, तारापुर से अवैध परिवहन के मामले की जानकारी के बाद विभागीय अमला कारवाई कर रहा है।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

स्थानीय थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चंद घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़िता ने 18 जनवरी को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वर्ष 2018 में ग्राम पासंगी का रहने वाला रितेश मरकाम नदी किनारे घुमाने के बहाने ले जाकर लाड़ी में नाबालिग जानते हुए भी शादी करूंगा कहकर अनाचार किया। उसके बाद पीड़िता को जब भी अकेले पाता था गांव में सब को बता कर तेरा बदनाम कर दूंगा कहकर डरा धमका पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। 16 जनवरी को रात्रि 9 बजे पीड़िता के घर में आकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया। कोई भी घर परिवार वाले पीड़िता से शादी के लिए रिश्ते का बात करते थे तो वह उसे गंदी गंदी गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देता था। दिनांक 17 जनवरी को रात्रि में पीड़िता को अश्लील गाली गलौज करते हुये पीड़िता के साथ मारपीट किया है। प्रार्थिया पीड़िता के रिपोर्ट के आधार पर अपराध कमांक 06/2024 धारा 376(2) (ढ) भादवि, 331(4), 324(4), 351(2), 127(2), 296 बीएनएस., 4.6 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के सख्त आदेश पर एडिशनल एसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय



### न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया

अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी संजय सिन्दे के नेतृत्व में विशेष टीम गठन किया गया था। मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी रितेश मरकाम उर्फ रीतू पिता सोनाघर मरकाम उम्र 25 वर्ष निवासी पासंगी प्लाटपारा को शनिवार को विधिवत गिरफ्तार न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

*उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी संजय सिन्दे थाना फरसगांव, निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय र.के. कोण्डागांव, म.प्र.आर. साधना सिंह, प्र.आर. सतीश चिण्डा, आर. फरसुराम मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।*

## सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र बंडा में उपकेन्द्र बनने की संभावना बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग अंतर्गत सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र का गांव बंडा में सुरक्षा बल का कैंप होने के चलते उपकेन्द्र का निर्माण कार्य बनने की संभावना बढ़ गई है।

क्षेत्र के लगभग 12 गांव के ग्रामीण वर्तमान में तेलंगाना की बिजली का उपयोग कर रहे हैं, पर बंडा में उपकेन्द्र बनने से ग्रामीणों के घर छत्तीसगढ़ की बिजली से रोशन हो सकेंगे। बताया जा रहा है कि विद्युत कंपनी के ठेकेदार दो वर्ष पूर्व



बंडा में उपकेन्द्र का निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार ने बोर खुदवाया पर साफ-सफाई के दौरान की नक्सलियों ने कर्मचारियों के साथ मारपीट किया, ठेकेदार ने पुलिस थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। उसके बाद से यहां उपकेन्द्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं पाया। उसके बाद कंपनी ने प्रयास किया कि वे उपकेन्द्र निर्माण के लिए दूसरी जगह जमीन चिन्हित करें, लेकिन जमीन नहीं मिल सकी थी।

### शुरू होगा उपकेन्द्र का निर्माण कार्य

*विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि सुरक्षा बल होने के चलते बंडा में उपकेन्द्र निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। उपकेन्द्र होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी।*

## नपं के शासकीय कार्यालयों में साफ - सफाई अभियान



**कांकेर।** उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश एवं आदेशानुसार माह के प्रत्येक तृतीय शनिवार को शासकीय कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया जाता है। इस क्रम में 18 जनवरी शनिवार को नगर पंचायत चारामा में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। सफाई अभियान में नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और कार्यालय परिसर की सफाई की। सभी ने मिलकर कार्यालय के भीतर और बाहर की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अभियान के माध्यम से कार्यालयों को स्वच्छ और सुगम बनाने के साथ ही ऑफिस के दस्तावेजों और नस्तियों को व्यवस्थित करने,कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए कार्यालय को स्वच्छ रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस सफाई अभियान का उद्देश्य कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखना और कार्य करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। सफाई अभियान की सफलता पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना की जाती है।



## सुखई शाला में एलुमिनी समूह का गठन, मुकेश बने अध्यक्ष

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला सुखई में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार एलूमनी समूह का गठन किया गया। एलूमनी समूह में सर्वसम्मति से मुकेश गावड़े को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष जयप्रकाश अचला, पूनम जैन व गुलशन जैन, सचिव सूर्याकान्त टांडिया, कोषाध्यक्ष अंजलि जैन, सहसचिव मन्नूलाल यादव को पदाधिकारी चुना गया। नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों के अधिगम स्तर में सुधार व बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए शाला के पूर्व छात्र-छात्राएं व स्वयंसेवी के माध्यम से बच्चों को विभिन्न व्यवसायों की जानकारी, अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करना, पौढ़ शिक्षा केन्द्रों में पौढ़ साक्षरता में सहयोग, शाला में खेल-कूद, वार्षिकोत्सव में सहयोग, शाला के विकाश में आवश्यक सहयोग, मूलभूत भाषाई व गणित कौशल में सुधार हेतू समुदाय से सहयोग लेने के उद्देश्य से एलूमनी समूह का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मधुराम नेताम, अरुना वट्टी, शिक्षक किशोर कुमार विश्वकर्मा, बिसाहूराम सर्फे, संजय पिस्दा, नोमेश्वर निषाद, लोकेश साहू, सत्यनारायण जैन, जगतराम दुग्गा, कृष्ण जैन, चिमनीलाल नरेटी, किशोर जैन, बज्जूराम कोमरा, बंशीलाल माहवे, दिनेश माहवे व पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पेज 09 के शेष...

### भाजपा और कांग्रेस...

07 आमापरा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा से रवि अहीर और वीरेंद्र साहू ने दावेदारी किया है वहीं कांग्रेस अपने पार्षद सतीश दीपक पर ही दावं लगाएगी। वार्ड क्रमांक 08 शीतलापारा अनारक्षित (महिला) के लिए आरक्षित है। भाजपा निधि संचेती पर दांव लगा सकती है, वहीं कांग्रेस वर्तमान पार्षद की पत्नी के नाम की चर्चा आ रही है। वार्ड क्रमांक 09 श्रीरामनगर अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा से राजेंद्र साहू और प्रदीप चंद्रौल के नाम सामने आएं है, वहीं कांग्रेस वर्तमान पार्षद अजय रेणु पर ही दांव लगाएगी। वार्ड क्रमांक 10 भंडारीपारा अनारक्षित (महिला) के लिए आरक्षित है और कांग्रेस की वर्तमान पार्षद ही चुनाव लड़ेगी जबकि भाजपा से ममता यादव और आरती यादव ने दावेदारी किया है। वार्ड क्रमांक 11 महादेव वार्ड अनारक्षित वर्ग के लिए आरक्षित है। भाजपा से बाबा गोस्वामी और प्रशांत ठाकुर ने दावेदारी किया है वहीं कांग्रेस से मतीन खान, शादाब खान, मकबूल खान के नाम की भी चर्चा बनी हुई है।

### जिले में मतदाता...

चरण में है। अफसरों के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के पास करीब 20 हजार बैलेट यूनिट और 10 हजार कंट्रोल यूनिट हैं। 2014-15 के नगरीय निकाय चुनाव में इसका अंतिम बार उपयोग किया गया था, इसके बाद से सभी ईवीएम राज्य निर्वाचन आयोग के स्टोर रुम में रखा हुआ था। निकाय चुनाव ईवीएम से कराए जाने की अधिसूचना जारी होने के साथ मशीनों की तैयारी अंतिम चरण में है। ईवीएम मशीनों की जांच के लिए हैदराबाद से इंजीनियर व तकनीकि टीम आकर जाँच कर चुकी है। अफसरों के अनुसार ईवीएम मशीनों के प्रथम स्तर की जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है।

**कांग्रेस सरकार का निर्णय बदला गया:-** छत्तीसगढ़ में पिछली बार का निकाय चुनाव बैलेट पेपर से हुआ था। उस समय वो निर्णय कांग्रेस ने लिया था, जिसे अब बीजेपी ने बदल दिया है। 2019 से पहले 2014 में निकाय चुनाव से ही हुए थे। कांग्रेस सरकार ने बैलेट पेपर की व्यवस्था लागू किया था, इसे बदलने के लिए ईवीएम वाले प्रावधान वापस जोड़े। अधिसूचना में इलेक्शन से जुड़ी कई गाइड लाइन भी दिया है।

**जिलों में अंतिम प्रकाशन पूरा:-** नगरीय निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने कांकेर जिले की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। निर्वाचन आयोग रविवार को जिलों से प्राप्त सूचना के आधार पर मतदाता सूची का प्रदेश स्तर पर प्रकाशन करेगा। निर्वाचन आयोग ने जिला के उप निर्वाचन अधिकारी और चुनाव से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा है।

### सोशल मीडिया पर...

आरोपी की सायबर सेल कांकेर वास्तविक पहचान कर तत्काल पतासाजी करते हुए पुलिस टीम को जानकारी मिली कि 19 वर्षीय कामेश कुमार मंडावी पिता पीलाराम मंडावी नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम लिलवापहर निवासी है, परंतु विगत 6 माह से बस्तर जिले के थाना कोड़ेनार के ग्राम बड़े किलेपार में रह रहा था। पुलिस आरोपी को बड़े किलेपार से हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर धारा सदर का अपराध स्वीकार करने पर आरोपित का मोबाईल फोन को जप्त किया गया एवं आरोपी को 19 जनवरी को गिरफ्तार किया गया है, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### कांकेर के आदिवासी...

02 पुरूष सुरक्षा अधिकारी और 02 महिला सुरक्षा अधिकारी भी रवाना हुए है। यह जत्थे कोच्चि और कोलकाता में भारत के विभिन्न राज्यों के अन्य आदिवासी युवाओं से मिलकर अन्य राज्यों की संस्कृति से रूबरू होंगे। युवक एवं युवतियों को उनके उज्ज्वल भविष्य तथा अधिकार के बारे में उचित व उपयुक्त जानकारी दी जाएगी, साथ ही साथ अन्य राज्यों से भाग लेने वाले युवक-युवतियों के बीच मेल-मिलाप बढ़ेगा, जिससे वे एक-दूसरे के खान-पान, रहन-सहन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ एवं वेशभूषा से रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में सभी राज्यों के स्थानीय लोक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी, इसके साथ ही कोच्चि और कोलकाता के प्रसिद्ध, दर्शनीय एवं सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। पांचवे और छठे जत्थे को कोच्चि और कोलकाता रवाना करने के दौरान बीएसएफ के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह, सीमा सुरक्षा बल सीमांत मुख्यालय (विशेष संक्रिया) भिलाई के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पनेडा और जावंगा में बाल संदर्भ मेला का आयोजन




**गीदम।** गीदम ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जवांगा के अंतर्गत ग्राम पनेडा और ग्राम जावंगा में बाल संदर्भ मेला का आयोजन किया गया। साथ ही निक्षय निरामय योजना अन्तर्गत कार्यक्रम किया गया। बाल संदर्भ मेला अंतर्गत शिशुवती महिला, गर्भवती महिला और कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर उचित उपचार किया गया और आवश्यकता अनुसार एनआरसी सेंटर रेफर किया गया। निक्षय निरामय योजना अन्तर्गत क्षय रोग, कुष्ठ रोग, मलेरिया के लक्षण और उसके उपचार के बारे में बताया गया। साथ ही 60 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों को एक्सरे करने हेतु गीदम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सेक्टर प्रभारी आरएमए अतीक अंसारी, आईसीडीएस सेक्टर पर्यवेक्षक सुश्री रक्षा मिश्रा एव सुश्री अनामिका परिहार, समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता व सहायिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

### विकास कार्यों का सीएमओ ने किया निरीक्षण




**बस्तर।** उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के निर्देश के तहत नगर पंचायत बस्तर में रविवार को वार्ड क्र. 6 नगर पंचायत कार्यालय से एनएच 30 तक सीसी सड़क डामरीकरण कार्य एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरुण पाल लहरे एवं उप अभियंता रोहित नाग ने किया। निरीक्षण के दौरान डामरीकरण कर रहे ठेकेदार को कार्य में पूरी तरह उच्च किस्म के निर्माण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। कार्य में अच्छी गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण करने को ठेकेदार को कहा नगर पंचायत बस्तर में इन दिनों विभिन्न वार्डों में सीसी सड़क नाली, सीसी सड़क में डामरीकरण,पुलिया सहित निर्माण कार्य करवाया जा रहा है।

### कलेक्टर ने दिए जल प्रदाय योजनाओं को जल्द पूर्ण करने के निर्देश

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ योजनाबद्ध ढंग से संचालित कर जल्द पूर्ण किया जाए। जिन ठेकेदारों द्वारा कार्यादेश के बाद काम शुरु नहीं किया गया है ऐसे ठेकेदारों का कार्य निरस्त कर संबंधित के विरुद्ध ब्लेक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाए। वहीं काम बंद कर धीमी गति से कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध पेनॉल्टी की कार्रवाई करने सहित सम्बन्धित को आगामी निविदा प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाए। साथ ही ज्यादा काम वाले ठेकेदारों को आवश्यक निर्माण सामग्री, उपकरण की उपलब्धता तथा पर्याप्त श्रमिकों की व्यवस्था कर कार्यों में अद्यतन प्रगति लाए जाने निर्देशित किया जाए। इन ठेकेदारों द्वारा कार्यों में प्रगति नहीं लाने पर सम्बंधित के विरुद्ध नियमानुसार नोटिस जारी करने सहित पेनाल्टी सम्बन्धी कार्रवाई किया जाए।

### हृदयाघात से युवा व्यवसायी की मौत

**जगदलपुर।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सुधीर झा के पुत्र एवं समाज सेवी संपत झा के भतीजे दिव्यांशु झा उर्फ बिट्टू का हृदय घात से आकस्मिक निधन रविवार की सुबह हो गया।



अंतिम यात्रा 20 जनवरी को सुबह 9.30 बजे गीदम रोड स्थित निवास स्थान से मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। मिली जानकारी के मुताबिक रायपुर से आते समय अचानक सीने में दर्द हुआ और मौत हो गई। युवा व्यवसायी के आकास्मिक मौत से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाने लोग निवास पहुंचते रहे।

### ग्राम स्तरीय वन अधिकार महोत्सव उरमापाल में सम्पन्न

# पंचायत के निर्णय से वन संसाधनों के दोहन पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 जनवरी शुक्रवार को छिंदगढ़ विकासखंड के ग्राम उरमापाल में वन अधिकार महोत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष वन अधिकार महोत्सव में विशेष रूप से जंगल को लेकर महत्वपूर्ण

- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम

निर्णय लिया गया जिसमें प्रमुख रूप से जंगल में आग लगने, जंगल में पेड़ों की कटाई, लघु वनोपज तोड़ने, भूमि अतिक्रमण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया। महोत्सव में ग्राम प्रमुख, वन अधिकार समिति, ग्राम सभा अध्यक्ष, वन प्रबंधन समिति, सरपंच, सचिव और जिला प्रशासन से संबंधित अधिकारीगण और ग्रामीण उपस्थित थे।






सामुदायिक वन संसाधन अधिकार प्रबंधन समिति उरमापाल द्वारा ग्राम सभा में सर्वसम्मति से 3 नए नियम पारित किए गए जिसकी उद्घोषणा की गई। किसी भी व्यक्ति के द्वारा वनों से पेड़ के काटने पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वनों से लकड़ी का दोहन करते पाए जाने पर 500 रुपए/व्यक्ति का जुर्माना लगाया जाएगा। इसी प्रकार खनिज संसाधन जैसे रेत, मिट्टी, मुरूम आदि का दोहन करने पर ग्राम निवासी द्वारा 80 रुपए प्रति ट्रिप सेवा शुल्क तथा अन्य ग्राम के निवासी द्वारा दोहन करने पर 350 रुपए प्रति ट्रिप सेवा शुल्क जमा किया जाएगा।

#### विभिन्न विभागों ने दी योजनाओं की जानकारी

महोत्सव में उपस्थित जन समुदाय को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि विभाग के अधिकारियों ने उन्नत खेती और जैविक कृषि के तरीकों की जानकारी दी। पशुधन विकास विभाग ने पशुपालन और संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र ने स्वरोजगार से संबंधित योजनाओं की जानकारी देकर कई युवाओं को स्व रोजगार के लिए आवेदन करने प्रोत्साहित किया। श्रम विभाग और खाद्य विभाग ने श्रमिकों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। लाइवलीहुड कॉलेज के द्वारा रोजगारमूलक गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर स्व रोजगार प्रारंभ करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए। कार्यक्रम में जिला रिसोर्स पर्सन संतोष उसेंडी, फ़ूड ऑफिसर विजय और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मक्का की फसल को सैनिक कीट से बचाने का कारगर उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के किसान इन दिनों मक्का की फसल में सैनिक कीट फॉल आर्मी वार्म के बढ़ते प्रकोप से चिंतित हैं। इस कीट के कारण फसलों को गंभीर नुकसान हो सकता है। किसानों ने समस्या की जानकारी कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों को दी, जिसके बाद छिन्दगढ़ विकासखंड के ग्राम चिपुरपाल और पुजारीपाल में कृषि वैज्ञानिकों ने प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे किया। सर्वेक्षण के दौरान पाया गया कि फॉल आर्मी वार्म की इल्ली का आक्रमण फसलों पर अधिक हो चुका है। कृषि विज्ञान केंद्र के पौध रोग विशेषज्ञ राजेंद्र प्रसाद कश्यप और कीट विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. योगेश कुमार सिदार व परमेश सिंह सोरी ने किसानों को इस कीट के लक्षण और प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कीट अमेरिका से मक्का और अन्य फसलों में फैलने वाला एक प्रमुख कीट है, जिसका वैज्ञानिक नाम स्पोडोप्टेरा फ्रुजीपरड़ा है।

मक्का की फसल में इस कीट का प्रकोप 20-25 दिन की अवस्था में शुरू होता है और 30-45 दिन की अवस्था में यह अधिक नुकसान पहुंचाता है। विशेषज्ञों ने किसानों को सुझाव दिया कि इस समस्या से निपटने के लिए फेरोमोन ट्रैप का उपयोग एक प्रभावी और किफायती समाधान है। फेरोमोन ट्रैप एक सरल उपकरण है जो मादा कीट की गंध का उपयोग करके नर कीटों को आकर्षित करता है। इन ट्रैप में नर कीट फंस जाते हैं, जिससे उनकी संख्या नियंत्रित होती है और फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। किसान यह ट्रैप आसानी से खाद-बीज की दुकानों से खरीद सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर फेरोमोन ट्रैप का उपयोग करने से फसल को भारी नुकसान से बचाया जा सकता है और किसानों को आर्थिक रूप से राहत मिलती है। कृषक मित्र लच्छू राम भोयर, रमेश कश्यप व रत्न नाग ने फ़ेरोमैन ट्रैप की सराहना की।

## सरस्वती शिशु मंदिर में विधायक ने सीसी सड़क निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में विधायक चैतराम अटामी द्वारा सीसी रोड निर्माण हेतु भूमि पूजन किया गया।

गौरतलब है कि मुख्य मार्ग से विद्यालय भवन तक विधायक निधि से 18 लाख रुपए की लागत से सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। सर्वप्रथम विद्यालय के भैया बहनों ने घोष दल के साथ विधायक का स्वागत किया। उसके पश्चात भैया बहनों ने लेजिम व नृत्य घोष में स्वास्तिक की आकृति का प्रदर्शन किया। विधायक महोदय ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर गीदम प्रारंभ से आज पर्यंत अपनी ख्याति बनाएं हुए हैं। विद्यालय का संस्कार, अनुशासन और पढ़ाई बहुत अच्छा है यहां के बच्चे बड़े-बड़े पद में पदासीन हुए हैं जो नगर और विद्यालय का गौरव है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी हमेशा बहुत अच्छा रहता है। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय तिवारी ने विद्यालय प्रारंभ से अब तक के सफर का उल्लेख करते हुए विद्यालय में आवश्यक कार्यों का उल्लेख करते हुए विधायक को सभी चीजों से अवगत कराया। विद्यालय के व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता ने आभार प्रकट किया। इस दौरान जनपद पंचायत गीदम मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलराम ध्रुव, भाजपा अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनीष सुराना उपस्थित रहे। भारत माता की आरती के पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुआ।



## नृत्य व गायन प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

कैंब्रिज केरला मॉडल स्कूल धुरागांव में 17 जनवरी को स्कूल के बच्चों के द्वारा रंगारंग एनुअल फंक्शन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूनम बैज, भाजपा महामंत्री डॉ. बसंत कश्यप, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोहंडीगुड़ा ब्लॉक मंगतू कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं अभिभावकगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य एवं गायन प्रस्तुति को दर्शकों ने मंत्रमुग्ध होकर देखा और बड़ी संख्या में दर्शक यहां उपस्थित रहे। कैंब्रिज केरला स्कूल की प्रिंसिपल सुनीता मूर्ति ने इस वृहद आयोजन के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियों में उनको सम्मिलित करना बहुत आवश्यक है, इससे उनके अंदर आत्मविश्वास की वृद्धि होती है जो की जीवन में आगे बढ़ाने के लिए बहुत आवश्यक है। प्रिंसिपल ने आगे कहा कि इस तरह की आयोजन स्कूल के द्वारा आगे भी आयोजित किए जाएंगे।



## सर्व पिछड़ा वर्ग समाज भोपालपटनम तहसील इकाई का गठन, गिरजा शंकर बनाए गए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक भोपालपटनम में आयोजित की गई, जिसमें तहसील इकाई का गठन सर्वसम्मति से किया गया। बैठक का आयोजन समाज की कार्यकारिणी को मजबूत और विस्तारित करने के उद्देश्य से किया गया, क्योंकि विगत कुछ वर्षों से कार्यकारिणी में कोई विस्तार नहीं हुआ था। समाज के पूर्व अध्यक्ष तामडी नागैया के देहांत के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में आनकारी सुधाकर को जिम्मेदारी दी गई थी। हाल ही में जिला कार्यकारिणी के गठन के बाद अब तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से गिरिजा शंकर तामडी को सर्व पिछड़ा वर्ग समाज भोपालपटनम तहसील के अध्यक्ष के रूप में चुना गया।

बैठक में तहसील संरक्षक नागोराव गुरला, तहसील उपाध्यक्ष सुनील गुरला, ताटी नारायण, गुरला नागेश्वर, सचिव महेश शेट्टी, कोषाध्यक्ष श्रीनंद कुमार मारकोंडा, सह-सचिव बीनाबोईना, मीडिया प्रभारी रवि रापर्ती को ब्लॉक कार्यकारिणी के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष श्रीरामलाल यादव, जिला सचिव जितेंद्र कोण्ड्रा, विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष वीआर पडाला, और प्रताप यादव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तहसील के अंतर्गत समाज के प्रमुख सदस्यों ने बैठक में भाग लिया, जिनमें आनकारी सुधाकर, नीलम गणपत, आनकारी रवि, टी. लक्ष्मण मूर्ति, कामेश्वर अग्गी, अग्गी संतोष, कोयलकर श्रीनिवास, लंकल रामचंद्रम, पुप्पाला पुरुषोत्तम, प्रकाश निष्ठुरी, मदास चंद्रशेखर, पेंडियाला नंदू, अखिलेश गुरला, तालापल्ली विलास, नीलम संजीव, लिंगम राममूर्ति, ओदेश राव, साईं चेट्टी, और बी. प्रशांत प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक में समाज के विकास, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और पिछड़ा वर्ग समाज के उत्थान के लिए योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। सभी सदस्यों ने समाज के उद्देश्यों और एकजुटता को बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और आगामी योजनाओं की घोषणा के साथ हुआ।



### बस्तर के सभागार में खण्ड स्तरीय कार्यशाला हुई



**बस्तर।** कानून कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत के सभागार में हुआ जिसमें बस्तर ब्लॉक के युवा वर्ग के युवक व युयतियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी को कानून की जानकारी व इसके फायदे व नुकसान के बारे में बताना है। जिले से आये मास्टर ट्रेनरों ने उपस्थित प्रतिभागियों को कानून के बारे में विस्तार से मुख्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं सभी के आंकलन हेतु टेस्ट भी लिया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सीईओ जनपद बस्तर भानुप्रताप चुरेन्द्र, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील तिवारी, मंडल संयोजक बस्तर कुलन राम व्याख्याता नन्दकुमार पटेल एवं कर्मचारी गण व बड़ी संख्या में युवा वर्ग उपस्थित थे।

## कासोली में मधुमक्खियों का हमला एक वृद्ध सहित चार घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली गुड़ियापारा में शुक्रवार को मधुमक्खियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। जिसमें गुड़ियापारा निवासी 70 वर्षीय सहदेव नाग बुरी तरह घायल हो गए। उनके बचाव करने गए बसराम यादव, संतु यादव, कृष्णा अटामी, बल्ली अटामी व अन्य लोगों को भी मधुमक्खियां ने घायल कर दिया। दरअसल मामला यह है कि सहदेव नाग के घर आंगन के पेड़ में मधुमक्खियों का छत्ता लगा हुआ है किसी पक्षी ने मधुमक्खियों के उस छत्ते में चोंच मार दी जिससे मधुमक्खियां उड़ कर सहदेव नाग को बुरी तरह घायल कर दिया। मौके पर पहुंच कर शैलेश अटामी, सोनार यादव धनेश्वर ठाकुर आदि ने तुरंत एम्बुलैंस मंगवाकर घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया है।

## यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में सडक हादसो में कमी लाने के लिए पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गीदम निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में गीदम पुलिस द्वारा यातायात सप्ताह के दौरान रविवार को सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए गीदम पुलिस के द्वारा हेलमेट एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने वाहनों की जॉच की गई।

जांच के दौरान बिना हेलमेट, गलत दिशा से वाहन चलाने आवश्यकता से अधिक सामान भरने सहित अन्य यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों के चालान काटे गये। कार्यवाही के दौरान वाहन चालको से यातायात नियमो की पालन के लिए समझाईश दी गई साथ ही हेलमेट लगाकर चलाने एवं यातायात नियमो का पालन करने पर होने वाले लाभ की जानकारी दी गई।



Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रसोली गदिया में टिन शेड लगाने किया भूमिपूजन

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तराईघोटिया के आश्रित ग्राम रसोली गदिया में बाबा मोरकाल देव स्थल पर 12 लाख की राशि से भव्य टीन शेड का भूमिपूजन जनपद सदस्य देवेन्द्र टेकाम के अतिथ्य में सरपंच जगदेव नुरूटी, ग्राम गायता चमरा राम बोगा, हीरा दर्रो परगना मांझी, बिसराम पुडों, रामसाय मण्डावी, सगराम गावडे, मोती पुडो, सुदेश तोप्पा, रघुनाथ मण्डावी, सियाराम मण्डावी, खेमचन्द दर्रो, फगनू बोगा, कंगाल सिंह बोगा सहित ग्रामवासी की उपस्थिति में किया गया। यह देव स्थल क्षेत्र के 11 गांव का परगना हैं, जहां हर पर्व में जिला और राजनांदगांव जिला के लोग सम्मिलित होते हैं।

अपराध : सिर पर लकड़ी से किया हमला, मौके पर हुई मौत

# नशे में विवाद, दोस्त ने की दोस्त की हत्या एवं आरोप जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम सेमरापारा के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर आसपास क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था। मृतक के सिर में चोट का निशान था और खून बह रहा था। शव की सिनाख्त नही होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था।

विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि 17 जनवरी को सेमरापारा अंतागढ़ रोड में मोटर गैरेज में काम करने वाले दो मजदूरों के बीच शराब के नशे में विवाद हो गया था, जिसमें से एक मजदूर के द्वारा दूसरे मजदूर का लकड़ी से सिर में जोरदार हमला कर हत्या कर दिया। घटना की जानकारी संजीवनी 108 के माध्यम से पुलिस को मिला की सेमरापारा आंतागढ़ रोड में स्थित मोटर गैरेज में एक व्यक्ति जिसके सिर से खून बह रहा है और मृत हालत में पड़ा हुआ है। शव की पहचान नही हो पाने पर शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित रखवाया गया। गैरेज के मालिक से संपर्क कर मृत व्यक्ति के बारे में पूछताछ किया गया, जिससे पता चला कि मृतक का नाम संदेश कुमार उर्फ संजू है जो रायसेन जिला मध्य प्रदेश का रहने वाला है और गैरेज में काम करता है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को जानकारी दिया और मृतक के परिजनों के आने पर 18 जनवरी को पंचनामा कार्यवाही के पश्चात थाना भानुप्रतापुर में हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया किया। कार्यवाई के दौरान गैरेज मालिक से पूछताछ में पता चला कि मृतक के ही गांव का एक अन्य मजदूर गैरेज में काम करता था, जिसने कॉल करके बताया था कि दोनों शाम को एक साथ दारू पीए और दोनों के बीच विवाद हो गया। घटना के बाद से ही आरोपी मध्यप्रदेश के जिला रायसेन थाना सुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम सेमरीकला कैम्प नंबर 5 निवासी 42 वर्षीय जोगेंद्र सिंह पिता सदाराम अपना मोबाइल बंद करके फरार हो गया था।



आरोपी की पता चल जाने के बाद उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर आरोपी का पता तलाश किया गया, जिसमें आरोपी को भानुप्रतापपुर के रेलवे स्टेशन के पास से लुकते छिपते पकड़ा गया, जिसे हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी जोगेन्दर द्वारा शराब के नशे में विवाद होने पर वही पड़े लकड़ी से हत्या करना कबूल किया। आरोपी को 19 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

# चारभाठा में पानी टैंकर वितरित समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरोना



कांकेर जिले के नरहरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत डोमपदर के आश्रित ग्राम चारभाठा में जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर ने ग्रामीणों की पानी की समस्या को हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। तारा ठाकुर ने जिला पंचायत निधि से पानी का टैंकर प्रदान किया और ग्राम पंचायत सरपंच संतोष कविता भास्कर को पानी टैंकर की चाबी सौंप कर ग्रामवासियों की एक लंबी समय से चल रही मांग को पूरा किया।

आयोजित एक सादे परंतु महत्वपूर्ण कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने तारा ठाकुर के इस कदम की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत सरपंच संतोष कविता भास्कर ने पानी टैंकर की चाबी प्राप्त करने के बाद बताया कि गांव में पानी की भारी कमी थी, खासकर गर्मी के मौसम में। टैंकर मिलने से अब ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति में काफी राहत मिलेगी, जिससे उनकी कठिनाइयों में कमी आएगी। भारी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों ने इस अवसर पर तारा ठाकुर और अन्य जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस पानी टैंकर के उपलब्ध होने से अब पानी के संकट से निजात मिल सकेगी, जिससे गांव में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे कार्य बड़े बदलाव की ओर इशारा करते हैं और स्थानीय प्रशासन का यह कदम विकास की दिशा में सकारात्मक प्रयास है। इस मौके पर तारा ठाकुर ने कहा कि यह टैंकर केवल पानी की आपूर्ति ही नहीं करेगा, बल्कि गांव की अन्य जरूरतों के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने गांववासियों से आग्रह किया कि वे पानी का सदुपयोग करें और इसे व्यर्थ न जाने दें।

उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी गांव की अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर, धनेश कौशिक, हेमंत कौशिक, संजय शोरी, नरेंद्र नाग, ग्राम पटेल प्रेम सिंह तरंम, लखमा शोरी, मनरखन, महादेव पद्माकर, नकुल मंडावी, आत्मा शोरी, रमेश मरकाम, गैंदी मरकाम, राजू कुंजाम और नारायण निषाद उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** जन सहयोग द्वारा आज गणतंत्र दिवस की तैयारी के सिलसिले में स्थानीय कोमल देव जिला अस्पताल परिसर तथा आसपास भारत माता की प्रतिमा तक जमकर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें नालियों के आसपास उगने वाली झाड़ियों तथा परिसर में एकत्र हो चुके कचरों के ढेरों की साफ सफाई किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने कहा कि यह अभियान लगातार चलता रहता है और इस अवसर पर पूरी हमारी टीम सक्रिय रहती है।

**पाठक सूचना**

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

# हनुमान मंदिर में चोरी का आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर



मुल्ला रोड में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान मूर्ति में सज्जित चांदी कि चेन को चोरी करने वाले चोर को पुलिस ने धर दबोचा और न्यायलय में पेश किया। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि रोज की तरह 16 जनवरी को सुबह 7 बजें पूजा करने के पश्चात मंदिर के दरवाजे को लगाकर अपने घर चला गया था, जिसके बाद शाम को लगभग साढ़े 5 बजे पूजा करने मंदिर गया तब देखा कि, हनुमान के मूर्ति में पहने मुकुट नीचे गिरा हुआ था और गले में पहने चांदी का चैन जिसका वजन लगभग 8 से 9 तोला कीमत लगभग 6 हजार 500 नही था। कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। चोरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान मंदिर के आसपास के सीजीटीवी फुटेज को खंगाला गया। आरोपी के पता साजी और पहचान के लिए मुखबिर तैनात किया गया। आरोपी के पतासाजी के दौरान जानकारी मिला की फुटेज में दिखने वाला संदिग्ध भैसाकन्हार निवासी 31 वर्षीय कार्तिक विश्वकर्मा पिता भारत राम को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के घर से चोरी किया हुआ चांदी का चेन बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।







